भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या:1119
24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बित्रा द्वीप पर खराब स्वास्थ्य सेवा सुविधा

†1119. श्री हमदुल्ला सईद:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि लक्षद्वीप के बित्रा द्वीप में एक पूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के अभाव में मौजूदा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र द्वीप के निवासियों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को द्वीप के निवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा संवितरण सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त चिकित्सा लक्षद्वीप प्रशासन की ओर से कर्मियों, आवश्यक दवाओं, नैदानिक सुविधाओं और आपातकालीन देखभाल सेवाओं के साथ बित्रा में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का एक पूर्ण पीएचसी के रूप में उन्नयन करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और
(ग) यदि हां, तो इसके लिए निर्धारित समय-सीमा के साथ उक्त प्रस्ताव का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (अवसंरचना एवं मानव संसाधन) 2023-24 के अनुसार, संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप में 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कार्यशील हैं।

स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को सुदृढ़ करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, भारत सरकार संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनकी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में बताई गई आवश्यकताओं के आधार पर और राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) द्वारा अनुमोदित समग्र संसाधन सीमा के अन्तर्गत तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने अपने कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) 2026-27 में बित्रा द्वीप स्थित मौजूदा प्राथमिक उपचार केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर पर उन्नयन करने हेतु कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

*****